**खबर संक्षेप**



### सड्डू में अवैध प्लाटिंग क्षेत्रे में लगा बोर्ड

**रायपुर।** जोन 9 नगर निवेश विभाग ने शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 8 क्षेत्र अंतर्गत सड्डू इलाके में अवैध प्लाटिंग स्थल पर जनहित में सूचना बोर्ड लगाने की कार्यवाही की गई है। बोर्ड में लोगों से अपील की है कि यह अवैध प्लाटिंग का भाग है और यहां तथा आसपास भवन निर्माण अनुज्ञा की स्वीकृति नगर निगम ने नहीं दी है, इसलिए किसी भी प्रकार की प्लाट की खरीदी-बिक्री नहीं करें। ऐसा करने वालों के विरुद्ध निगम अधिनियम 1956 के अंतर्गत धारा 292(ग) के प्रावधान के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### महापौर-आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की ली बैठक




**रायपुर।** महापौर मीनल चौबे एवं आयुक्त विश्वदीप ने शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय में बैठक ली। इसमें उन्होंने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025–26 की प्रभावी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने नवीन संकेतकों एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 पर आधारित सह प्रशिक्षण बैठक में स्वच्छता, सौंदर्यीकरण एवं नागरिक सहभागिता को लेकर विस्तृत चर्चा की। बैठक में महापौर मीनल चौबे एवं आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि नगर निगम का समस्त मैदानी अमला शहर के सभी जोनों में स्वच्छता स्तर, दर्शनीय स्वच्छता तथा जनभागीदारी को प्राथमिकता देते हुए कार्य करे। विशेष रूप से लक्षित स्कूलों में स्वच्छता गतिविधियाँ संचालित करने एवं प्रत्येक वार्ड में वार्ड स्तरीय स्वच्छता चैम्पियन तैयार करें तथा लोगों को स्वच्छ आदतों के लिए प्रेरित करें।

### निगम ने की 5 दुकानें सीलबंद

**रायपुर।** नगर निगम जोन 6 के राजस्व विभाग की टीम ने शुक्रवार को बकायेदार 5 दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनकी दुकानों को सीलबंद किया है। इसमें वार्ड 58 क्षेत्र की 3 तथा वार्ड नंबर 60 एवं 62 में 1-1 दुकान को सीलबंद किया है।

### विधायक ने कहा : अनुशासन और परिश्रम ही उज्ज्वल भविष्य की नींव

# आत्मानंद विद्यालय में वार्षिकोत्सव की धूम, बसना विधायक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय (सेजेएस) में वार्षिक सांस्कृतिक समारोह वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक एवं बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल उपस्थित रहे।

विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने माँ सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों द्वारा मुख्य अतिथि का आत्मीय स्वागत किया गया। समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, देशभक्ति गीत और समसामयिक विषयों पर आधारित नाटकों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। नन्हे बच्चों के नृत्य और छात्राओं के आत्मविश्वासपूर्ण प्रदर्शन की सराहना करते हुए विधायक डॉ. अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार की अद्भुत प्रस्तुतियां मन मोह लेने वाली हैं। ग्रामीण अंचल के बच्चों में इतनी प्रतिभा देखकर यह स्पष्ट है कि अवसर मिलने पर हमारे क्षेत्र के बच्चे किसी से पीछे नहीं हैं।

वार्षिकोत्सव पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विधायक ने शिक्षा और भविष्य निर्माण की प्रासंगिकता पर विशेष बल दिया। उन्होंने स्वामी आत्मानंद विद्यालय योजना को



छत्तीसगढ़ की एक क्रांतिकारी पहल बताते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण अंग्रेजी माध्यम शिक्षा प्रदान करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो रही है। डॉ. अग्रवाल ने विश्वास व्यक्त किया कि इन विद्यालयों के माध्यम से हमारे क्षेत्र के बच्चे भविष्य की वैश्विक प्रतिस्पर्धाओं के लिए स्वयं को पूरी तरह सक्षम बना सकेंगे। शिक्षा के व्यापक अर्थ को समझाते हुए उन्होंने आगे कहा कि वास्तविक शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह हमें जीवन जीने की कला और उच्च संस्कार सिखाती है। विद्यार्थियों के सांस्कृतिक प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्होंने जोर दिया कि आज की ये प्रस्तुतियां सिद्ध करती हैं कि यहाँ के छात्र न केवल अकादमिक स्तर पर, बल्कि कला, खेल और संस्कृति के क्षेत्र में भी सर्वांगीण विकास की ओर अग्रसर हैं।

शिक्षकों के योगदान को रेखांकित करते हुए विधायक ने उन्हें व्यक्तित्व का असली शिल्पकार बताया और उनके समर्पण की सराहना की। साथ ही उन्होंने अभिभावकों के अटूट विश्वास और सहयोग को बच्चों की सफलता का आधार स्तंभ बताया। अंत में, विद्यार्थियों में जोश भरते हुए उन्होंने सफलता का मूल मंत्र देते हुए कहा कि अनुशासन, कठोर परिश्रम और सकारात्मक सोच ही वह नींव है, जिस पर आपके उज्ज्वल भविष्य की इमारत खड़ी होगी। कार्यक्रम के अंत में विधायक महोदय ने शिक्षा, खेल और अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय परिवार ने इस भव्य आयोजन के सफल संचालन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष बसना खुशबू अग्रवाल, उपाध्यक्ष शीत गुप्ता, भाजपा जिला महामंत्री जितेंद्र त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष बसना नरेंद्र यादव, बसना जनपद उपाध्यक्ष मोहित पटेल, सभापति जनपद बसना प्रकाश सिन्हा, रायगढ़ जिला अध्यक्ष अरुणधर दीवान, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजेश अग्रवाल, पार्षद डेनियल पीटर, पार्षद राकेश डड़सेना, पार्षद महेंद्र सिंह अरोरा, कोषाध्यक्ष भाजपा मंडल अमृत चौधरी, जनपद सदस्य बिलासिनी प्रधान, प्राचार्य गिरिराज साहू, केजे पुरोहित, अध्यक्ष पालक शिक्षक संघ आरबी प्रधान, पूर्व कोषाध्यक्ष पालक शिक्षक संघ विजय पटेल, प्रधान पाठक मिडिल स्कूल दास, जिला संयोजक आरटीआई डॉ गजानंद अग्रवाल, अध्यक्ष एसएमडीसी एनएल भोई, पूर्व अध्यक्ष शिक्षक पालक संघ राजकुमार बेहरा, अध्यक्ष फुलझर हायर सेकेंडरी स्कूल भगतदेवरी मुकेश प्रधान, निज सहायक नरेंद्र बोरे, भाजपा मीडिया प्रभारी बसना सुखदेव दास वैष्णव, सोशल मीडिया प्रभारी आयुष अग्रवाल सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## मतदाताओं के नाम कटवाने साजिशकर्ता पर दर्ज हो अपराध : आलोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- निर्वाचन प्रपत्र 7 का दुरुपयोग व फर्जीवाड़ा पर लगाए रोक

छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के स.महामंत्री व अधिवक्ता आलोक चंद्राकर ने एसआईआर प्रक्रिया की मंशा पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए कहा है कि गणना पत्रक में 2003 के मतदाता सूची सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के बाद प्रारंभिक मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद पुनः उन्हें नोटिस जारी कर लाइन में लगवाया गया और अब दावा-आपत्ति में जिस प्रकार से प्रपत्र 7 का दुरुपयोग कर व्यक्ति विशेष के नामों को चिन्हांकित कर उन्हें स्थानांतरित बताकर उनके नाम को कटवाने की साजिश की जा रही है, जो मतदाता के संवैधानिक अधिकार को समाप्त करने का कार्य है। पकड़े जाने के बाद प्रपत्र 7 नहीं भरने की बातें की जा रही है, ऐसी स्थिति में पूरी प्रशासनिक तंत्र एवं बीएलओ की कार्रवाई शंकास्पद है, जो मतदाता एक माह पूर्व गणना पत्र भरे, उसके नाम पर आपत्ति अन्य स्थान का व्यक्ति करे और उस प्रपत्र 7 में ना आपत्ति का विकल्प है को ना मोबाइल नंबर का उल्लेख है। वैसे आवेदन लेना गंभीर चूक के साथ दल विशेष के हस्तक्षेप का प्रमाण है।



बड़ी संख्या में एक व्यक्ति विशेष द्वारा आपत्ति किया जाना आपराधिक कृत्य है। ऐसी दशा में पूरी निर्वाचन प्रक्रिया दूषित हो रही है। मतदाता के संबंध में गलत जानकारी देकर गंभीर साजिश की गई है। अतः प्रपत्र 7 में घोषणा के प्रावधानुसार गलत जानकारी प्रस्तुत की जाने की दशा में आवेदक/प्रपत्र 7 पर हस्ताक्षरकर्ता पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम (1950 का 43) की धारा की धारा 31 के तहत सीधे कार्रवाई प्रशासन को करना चाहिए है, ऐसे फर्जी आवेदकों की पहचान आवेदन प्राप्तकर्ता बीएलओ से या जहां आवेदन दिए है।

वहां से की जाए। ताकि, निर्वाचन जैसे कार्य में प्रपत्रों का दुरुपयोग और फर्जीवाड़ा करने वालों को सबक मिल सके। और एसडीएम, तहसीलदार और बीएलओ को यह बताना चाहिए कि नाम कटाने के लिए कौन आवेदन दिया है और किनके किनके नाम है वो बताए।

## जीवन सागर को अंग्रेज़ी विषय में पीएचडी की उपाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार जीवन सागर को अंग्रेज़ी विषय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) की उपाधि प्रदान किए जाने की घोषणा की गई है। विश्वविद्यालय ने परीक्षकों की रिपोर्ट तथा मौखिकी परीक्षा के उपरांत उनके शोध प्रबंध को स्वीकृति प्रदान करते हुए उन्हें पीएचडी उपाधि के लिए पात्र घोषित किया। जीवन सागर का शोध कार्य द फ़ीमेल बिल्डुंग्सरोमानः अ स्टडी ऑफ़ चिमामांडा न्गोज़ी अदीची'ज़ फ़िक्शन विषय पर आधारित है। यह शोध कार्य कला संकाय के अंतर्गत अंग्रेज़ी विषय में, दुर्गा महाविद्यालय रायपुर शोध केंद्र में, डॉ. प्रतिभा मुखर्जी साहूकार के मार्गदर्शन में पूर्ण किया गया। उनका पंजीयन 20 दिसंबर 2019 को हुआ था, शोध प्रबंध 28 मार्च 2025 को प्रस्तुत किया गया तथा मौखिकी परीक्षा 28 जनवरी 2026 को संपन्न हुई। इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक सफलता पर शिव शरण तिवारी, चंद्रपाल डडसेना (प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय पिथौरा), मुकेश डड़सेना, नितिन साहू, गणेश सोनी, सुधीर प्रधान,विजय गुप्ता, ललित मुखर्जी सहित अनेक नागरिकों ने हर्ष जताया है। उल्लेखनीय है कि जीवन सागर वर्तमान में हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय रायपुर में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं।



## सेवा-समर्पण की सशक्त मिसाल मितानिन दीदियां : प्रकाश

### स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन बसना में हुआ, मितानिन दीदियों को बताया ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

- स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन में सभापति प्रकाश सिन्हा बोलेः मितानिन दीदियों के बिना स्वस्थ

मंगल भवन बसना में आयोजित स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन जनस्वास्थ्य को सुदृढ़ करने, पंचायत स्तर पर स्वास्थ्य जागरुकता बढ़ाने तथा जनप्रतिनिधियों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। सम्मेलन में मातृ–शिशु स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता एवं शासकीय स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई।




कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि रमेश अग्रवाल, महिला एवं बाल विकास विभाग के सभापति प्रकाश सिन्हा, स्वास्थ्य विभाग की सभापति मधु प्रेम खुटे, भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र यादव, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मिलाप निराला, सरपंच संघ अध्यक्ष लखन पटेल, सरपंच संघ उपाध्यक्ष प्रीतम चतुर्वेदी, अमृत चौधरी, पार्षद राकेश डडसेना, शिव चौधरी, आयुष अग्रवाल, सरपंच मिश्रा दीप, सरोजनी कौशिक एवं संतोषनी ओगरे की गरिमामयी उपस्थिति रही। सम्मेलन को संबोधित करते हुए जनपद सभापति प्रकाश सिन्हा ने कहा कि मितानिन दीदियां ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की असली रीढ़ हैं। घर-घर जाकर सेवा देना आसान कार्य नहीं है, लेकिन मितानिन दीदियाँ पूरे समर्पण और संवेदना के साथ यह जिम्मेदारी निभा रही हैं। स्वस्थ पंचायत की कल्पना मितानिन दीदियों के योगदान के बिना संभव नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि समाज को स्वस्थ और जागरूक बनाने के लिए सरकार की योजनाओं के साथ-साथ जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र यादव ने अपने संबोधन में कहा कि सशक्त पंचायत और सजग स्वास्थ्य कार्यकर्ता ही स्वस्थ समाज की मजबूत नींव हैं। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीयूष ठाकुर, मेडिकल ऑफिसर डॉ. केशव साहू, कार्यक्रम अधिकारी प्रेमचंद बंजारे, ज्योति कोरेवा जिला समन्वयक, सविता दास, विनोद पांडेय विकास समन्वयक, निरंजना दीप विकास समन्वयक, प्रमोद कुमार बारीक स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक, रजनी सेठ स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक, मास्टर ट्रेनर सहित मितानिनें मौजूद रहे।

### रक्तदान सबसे बड़ा दान, जरूरतमंद व्यक्ति को देता है नया जीवनः तुषार



**महासमुंद।** ग्राम अछोली में अशवंत तुषार साहू के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। तुषार साहू ने कहा कि रक्तदान महादान का अर्थ है कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। क्योंकि, यह किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन देता है, और विज्ञान के रहते हुए भी इसका कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है। एक स्वस्थ व्यक्ति का दान किया गया रक्त कई जिंदगियों को बचा सकता है और यह न केवल मानवता की सेवा है, बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है। क्योंकि, शरीर कुछ ही हफ्तों में रक्त कोशिकाओं को फिर से बना लेता है। यह एक 'यज्ञ' के समान है जो समाज में एकता और सेवाभाव बढ़ाता है।

## खेल से अनुशासन व आपसी सहयोग की भावना विकसित होती है : देवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

नगर में आयोजित जिला स्तरीय चार दिवसीय ड्यूस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को किया गया। उद्घाटन समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्षता सांसद प्रतिनिधि मनमीत छाबड़ा ने की। विशेष अतिथि के रूप में स्काउट के उपायुक्त लक्ष्मीकांत सोनी, पार्षद प्रेमराजन रौतिया, गौरव चंद्राकर, राजाबाबू उपाध्याय एवं रमेश श्रीवास्तव मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन सुरेश ठाकुर ने किया।

समारोह के दौरान अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद ने अपने संबोधन में कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। खेल से अनुशासन, आपसी सहयोग, टीम भावना एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का विकास होता है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत द्वारा भविष्य में भी खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सांसद प्रतिनिधि मनमीत छाबड़ा ने कहा कि पिथौरा क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उन्हें सही मंच और उचित मार्गदर्शन देने की है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को जिला एवं राज्य स्तर पर



अपनी पहचान बनाने का सुनहरा अवसर प्रदान करती हैं। विशेष अतिथि स्काउट के उपायुक्त लक्ष्मीकांत सोनी ने कहा कि खेल एवं स्काउटिंग दोनों ही युवाओं में अनुशासन, सेवा भाव और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से नियमों का पालन करते हुए खेल भावना के साथ खेलने का आह्वान किया। अन्य मंचासीन अतिथियों ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं तथा युवाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में कौशल मानिकपुरी, चिरंजीवी सिन्हा, विकास डड़सेना, रोमन साहू एवं रवि आरके की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शनिवार को माटीदरहा, पिथौरा एवं पिथौरा ग्रामीण की टीमों के मध्य रोमांचक मुकाबले खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल के साथ-साथ अनुशासन एवं आपसी सहयोग का प्रदर्शन किया।

## कार्यशाला में ईसाई युवाओं को अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की योजनाओं की दी गई जानकारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- शैक्षिक, आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए योजनाओं को किया साझा

पास्टर फैलोशिप एवं क्रिश्चियन फोरम के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय चर्च में शुक्रवार को अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के माइनॉरिटी अफेयर्स योजना के तहत माइनॉरिटी एंपावरमेंट एवं अल्पसंख्यक क्रिश्चियन युवक युवतियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार की योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई।

मास्टर ट्रेनर ईशा टंडन ने युवक-युवतियों को बताया कि शिक्षा सशक्तिकरण मेरिट-सह-साधन छात्रवृत्ति और विदेशी अध्ययन के लिए ब्याज सब्सिडी योजनाएं उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हैं। उन्होंने बताया कि अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में स्कूल, कॉलेज, अस्पताल और कौशल केंद्र जैसी बुनियादी सुविधाओं का निर्माण किया जाना भी शामिल है। उन्होंने बताया कि मंत्रालय का लक्ष्य समावेशी विकास के माध्यम से अल्पसंख्यक समुदायों को मुख्यधारा में लाना है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय एमए की एक कौशल पहल है, जो देशभर में अल्पसंख्यक और कारीगर समुदायों के कौशल, उद्यमिता और नेतृत्व प्रशिक्षण आवश्यकताओं पर केंद्रित है। इस कार्यशाला में विकास छत्तर ने भी युवाओं को विस्तार से समझाया। इस कार्यक्रम के प्रायोजक पास्टर प्रणेश्वर बोकडे अध्यक्ष पास्टर फैलोशिप एवं क्रिश्चियन फोरम के अध्यक्ष अरुण जान द्वारा संचालन किया गया। कार्यशाला में कुल 56 मसीही युवाओं ने भाग लेकर भारत सरकार के अल्पसंख्यकों की योजनाओं की जानकारी ली।

## नशामुक्ति एवं मोबाइल से दूर रहने के संबंध जानकारी देकर किया जागरूक

**महासमुंद।** पुलिस ने स्कूल के बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव की जानकारी दी। महासमुंद पुलिस द्वारा शिशु संस्कार विद्यालय में छात्र-छात्राओं को नशा के दुष्प्रभाव एवं आपके आसपास नशीले पदार्थों की बिक्री या किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी देने के साथ मानस के टोल फ्री नंबर 1933 पर शिकायत दर्ज़ कराने की समझाइश दी। वहीं मोबाइल से दूर रहने के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। मोबाइल में कई तरह के उपलब्ध होने वाले गेम के कारण होने वाले साइबर फ्रॉड के प्रति बच्चों को सचेत किया गया। मोबाइल स्क्रीन टाइम अधिक देने पर होने वाले स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं से अवगत कराकर उनसे बचने की सलाह दी गई। छात्र-छात्राओं को टोलफ्री नंबर 1098 से अवगत कराया गया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने से इस नंबर पर कॉल करने बताया गया। किसी भी अजनबी व्यक्तियों से कोई भी चीज, चॉकलेट या उपहार के लालच में नहीं आने कहा। इसके अलावा डायल 112 नंबर से सभी को अवगत कराया गया।







## खबर संक्षेप



### माता यशोदा की जयंती पर की पूजा-अर्चना

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में माता यशोदा की जयंती पर पूजा अर्चना की गई। संतोष महाराज ने कहा कि माता यशोदा जयंती को बड़ी धूमधाम से मनाई। पृथ्वी से अत्याचार और अधर्म का नाश कर धर्म की स्थापना के लिए भगवान कृष्ण ने जन्म लिया था। कारागार में माता देवकी ने कृष्ण को जन्म दिया, लेकिन उनका पालन पोषण माता यशोदा ने किया। इस अवसर पर राधिका वैष्णव, हिरेंद वैष्णव आदि मौजूद रहे।

### कॉलेजों में होगा मिलेट कैफे का संचालन

**सरायपाली।** शासकीय महाविद्यालयों मे मिलेट कैफे के संचालन स्व-सहायता समहों के माध्यम से कराया जाना है। मिलेट कैफे के संचालन हेतु महाविद्यालयों की सूची पत्र के साथ संलग्न है। चिन्हांकित महाविद्यालयों में मिलेट कैफे के संचालन के लिए चिन्हांकित स्थल अथवा उसके आसपास 2 किलोमीटर से 5 किलोमीटर की दूरी में कार्यरत एवं सकिय ऐसे महिला स्व-सहायता समूह जो मिलेट कैफे के संचालन में रूचि रखते हो उनका आवेदन के लिए आमंत्रित किया गया है। आवेदन सोमवार तक महिला बाल विकास के परियोजना कार्यालय मे समयावधि में प्रारूप के साथ जमा कर सकते है।

## निधन

### नीलेश दावड़ा



**महासमुंद।** स्थानीय गंजपारा काली मंदिर के पीछे निवासी नीलेश दावड़ा (टीनू भाई) का निधन हो गया है। इनका अंतिम संस्कार शनिवार को स्थानीय भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में हुआ। वे सोमेश दावड़ा, लोकेश दावड़ा (लक्की) और गोपेश (लालू) दावड़ा के पिता थे।

## लामीडीह में भागवत महापुराण का आयोजन, श्रवण करने पहुंच रहे श्रद्धालु





**झलप।** ग्राम लामीडीह के पावन धरा पर श्रीमद भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके व्यासपीठ पर पंडित शेखर गौतम महाराज विराजमान है। प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु इस कथा में शामिल होने आसपास के गांव से भी आ रहे है, भक्तिमय माहौल ऐसा बना है कि कथा की समाप्ति तक भक्तजन अपनी जगह से हिल नहीं रहे है। पंडित शेखर गौतम महाराज ने कथा के माध्यम से बताया कि भगवान को पाना उतना भी कठिन नहीं है, बस आपको अपने आप को प्रभु से जोड़ना है। हम अपने आपको जितना सरल बनाएंगे उतना ही राह सरल होगा, कथा के साथ संगीतमय भजन से श्रद्धालुजन भाव विभोर हो रहे है। मुख्य यजमान के रूप में सोनउ राम पटेल, सत्यभामा पटेल के अलावा पुनऊ शांति दुलार यादव, विद्याधर, रामकुमार पटेल, केदार, ओमप्रकाश, पतराम, नीरा, गोविंद, पन्ना लाल यदु, नंद कुमार, नन्द कुमार, डिग्री, कमला शशि शामिल है। ग्रामीणों के सहयोग से भागवत महापुराण कथा सुनने वाले की समुचित व्यवस्था की गई है।

## धान खरीदी के नाम पर भाजपा सरकार ने किसानों को ठगा: विनोद



**महासमुंद।** धान खरीदी के अंतिम तिथि तक जिले के लगभग 9600 किसान अपना धान नहीं बेच पाए। सरकार द्वारा खानापूर्ति के लिए महज 2 दिन की अवधि बढ़ाकर वाहवाही लूटा गया। केवल जिले में यह स्थिति सामने आई है तो, पूरे प्रदेश में धान नहीं बेच पाने वाले किसानों के चौकाने वाले आंकड़े आ सकते हैं। सरकार के इशारे पर प्रशासन ने जान-बूझकर कम धान खरीदी की। किसानों के बिना जानकारी उनका रकबा समर्पण कराया गया। एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन तथा टोकन के नाम पर किसानों को परेशान किया गया। कई किसान सरकार की बदनियती के कारण आत्महत्या जैसे कदम उठाने तक मजबूर हो गए। 2 दिन पूर्व ही पिथौरा वनांचल क्षेत्र के कौंहाबाहरा की एक महिला किसान ने धान नहीं बिक पाने के कारण जहर सेवन कर लिया। सरकार ने सोची-समझी रणनीति के तहत किसानों को धान बेचने से वंचित किया है। उक्त वक्तव्य पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने विज्ञप्ति में कही।

### जीत : विजयी खिलाड़ियों ने कलेक्टर से की मुलाकात, कलेक्टर ने सराहा

# राज्य स्तरीय पैरा एथलेटिक्स स्पर्धा में महासमुंद के 25 खिलाड़ियों ने जीते पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- राज्य स्तरीय पैरा एथलेटिक्स में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ईश्वरी निषाद ने 200 मीटर, 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता

छत्तीसगढ़ पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन रायपुर द्वारा 16 वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 29 से 30 जनवरी 2026 तक कृषि महाविद्यालय जोरा रायपुर में किया गया। जहां जिले के 25 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में 57 पदक जीतने में सफलता हासिल कर जिले को गौरवान्वित किया। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, अपर कलेक्टर रवि साहू, खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे, समाज कल्याण उपसंचालक संगीता सिंह ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर बेहतर प्रदर्शन करने और पदक जीतने पर हर्ष व्यक्त किया।

पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर बालक एवं बालिका वर्ग में परिणाम में टी 12 कैटेगरी में केशव ठाकुर ने 100 मीटर दौड़, 200 मी दौड़ एवं गोला फेंक में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टी 46 कैटेगरी के 200 मी. दौड़ में कुशल निषाद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ईशान भोई ने 200 मीटर में प्रथम, 400 मीटर में द्वितीय एवं 800 मीटर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सुमित भोई ने 100 मीटर दौड़, तवा फेंक एवं गोला फेंक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यखिल दीवान ने लंबीकूद में द्वितीय स्थान एवं 100 मीटर में तृतीय स्थान प्राप्त किया। नोशन लाल पटेल ने 400 मीटरए 800 मीटर एवं 1500 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। तुषार गिरी गोस्वामी ने लंबी कूद में प्रथम स्थान 100 मीटर में तीसरा स्थान एवं 200 मीटर में तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका टी 11 कैटेगरी में कुसुम प्रधान ने 100 मीटर दौड़ एवं लम्बीकूद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आस्था पांडे ने 200 मीटर दौड़ एवं तवा फेंक में तीसरा स्थान प्राप्त किया। ज्योति निषाद ने 100 मीटर एवं 200 मीटर में प्रथम स्थान तथा लंबी कूद में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ममता ध्रुव ने 100 मीटर एवं गोला फेंक में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मोनिका सिदार ने 200 मीटर में द्वितीय स्थान एवं 400 मीटर में तृतीय स्थान प्राप्त किया। देव मोती साव ने लंबीकूद एवं तवा फेंक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सोनम सबर ने 400 मीटर एवं 800 मीटर में प्रथम स्थान तथा 200 मीटर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। नीलम टंडन ने लंबीकूद में प्रथम स्थान तथा 400 मीटर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टिकेश्वरी ने तवा फेंक में प्रथम स्थान तथा 100 मीटर में तृतीय स्थान प्राप्त किया। शिवानी पांडे ने 100 मीटर में तृतीय स्थान प्राप्त किया। धीरज ने 100 मीटर में प्रथम स्थान, 200 मीटर में तृतीय स्थान एवं गोला फेंक में तृतीय स्थान प्राप्त किया। टिकेश्वर ने 100 मीटर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उमाशंकर पटेल ने लंबीकूद में प्रथम स्थान तथा गोला फेंक में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निकेत साहू ने भालाफेंक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। ओमप्रकाश तांडी ने 100 मीटर एवं 200 मीटर में प्रथम स्थान तथा गोला फेंक में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर महिला वर्ग में टी 11 कैटेगरी 200 मीटर दौड़ एवं 400 मीटर दौड़ में ईश्वरी निषाद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग टी 11 कैटेगरी में लक्की यादव ने 400 मीटर, 800 मीटर एवं 1500 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीनियर पुरुष टी 34 में छगन सोनवानी ने तवा फेंक, गोला फेंक एवं भाला फेंक में द्वितीय रहे।



### खिलाड़ियों को सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक में अभ्यास की मांग

अध्यक्ष निरंजन साहू ने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से मुलाकात कर खिलाड़ियों को वन परिसर में बने सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक में अभ्यास की मांग की है। जिससे एथलेटिक्स खिलाड़ियों को बेहतर अभ्यास कराया जा सके। सांसद रुप कुमारी चौधरी जिला स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। उन्होंने खिलाड़ियों को उनके हुनर को सामने लाने, लगातार प्रयास करते रहने कहा। साथ ही बेहतर संसाधन एवं सुविधा प्रदान करने आश्वासन दिया गया है।

## बागबाहरा में छगराविमं रजत जयंती महोत्सव का आयोजन



**बागबाहरा।** छग राज्य विद्युत मंडल गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर छगराविमं रजत जयंती महोत्सव का आयोजन प्रदेश में किया जा रहा है। यह आयोजन बागबाहरा विद्युत उपसंभाग बागबाहरा में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल, अध्यक्षता नपाउपाध्यक्ष देवेश साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष भेखलाल साहू, विशेष अतिथि के रूप में सविता दीवान, शैलेष साहू, मंता यादव, थानूराम पांडे पार्षदगण उपस्थित रहे। बगबाहरा उपसंभाग में आयोजित रजत जयंती महोत्सव में उपस्थित अतिथियों व बागबाहरा शहर के उपभोक्ताओं का सम्मान प्रशस्ति पत्र व गुलाल चंदन से किया गया। आयोजन के दौरान टेलीविजन पिक्चर के माध्यम से छगराविमं के गठन के बाद से सरकार व विद्युत विभाग, बोर्ड के द्वारा प्रदेश में हर वर्गों के सुविधा को ध्यान रखते हुए किये गये कार्यो और उपभोक्ताओं के सुविधा को प्रमुखता से विद्युत विकास का सफरनामा विडियों के माध्यम से दिखाया गया। इस दौरान रजत जयंती महोत्सव के आयोजन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने विभाग से लेकर उपस्थित सभी को छग राज्य रजत जयंती महोत्सव की बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि विभाग की अथक परिश्रम प्रयास मेहनत का परिणाम है। आज पूरे प्रदेश में 24 घंटे विद्युत विभाग के विभिन्न सेवाओं से लोग लाभांवित हो रहे है। वही आयोजन को पूर्व जनपद उपाध्यक्ष भेखलाल साहू, नपाउपाध्यक्ष देवेश साहू ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन खेमचंद पटेल ने किया। आभार व्यक्त विक्रम कुमार सिन्हा ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कार्यालय सहायक अमीन परमार, आशुतोष राम (कनिष्ठ यंत्री मुनगासेर), प्रशांत तिवारी (कनिष्ठ यंत्री बागबाहरा शहर), लिंगुराम नायक (वरिष्ठ लाइनमैन), राकेश निषाद (लाइनमैन), रामनाथ देवांगन (डीइओ), नोनी बाई खूंटे (डीईओ), गोविंद यादव (लाइनमैन), रामकुमार दीवान (तकनीशियन), तेजन कुमार चंद्राकर, शेषनारायण साहू समस्त स्टाफ सहित उपभोक्ता व क्षेत्रवासियों की उपस्थिति बड़ी संख्या में रहा। इस दौरान क्षेत्र के नियमित बिल पेमेंट करने वाले एवं सोलर कनेक्शन लेने वाले जागरूक उपभोक्ताओं राजेंद्र कुमार अग्रवाल, चंद्रशेखर चंद्राकर, सुनील नरेडिया, नंदकुमार वर्मा, बिहारी लाल कौशिक, लोकेश्वर साहू, रेनुका चंद्राकर, सविता दीवान, मालती बाई यादव, चंद्रिका बाई, शांतिबाई देवांगन आदि को सम्मान स्वरूप कंपनी की ओर से प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया गया।

## शिव महापुराण कथा में शामिल हुए नपाध्यक्ष



**महासमुंद।** स्थानीय रायपुर रोड स्थित कबीर आश्रम (बाड़ा) में आयोजित 7 दिवसीय शिव महापुराण कथा के चौथे दिन नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू कथा में शामिल हुए। उन्होंने भगवान शिव व कथा वाचक नारायण महाराज का आशीर्वाद लेकर नगरवासियों की खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर साहू ने समस्त श्रोता भक्तों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिव महापुराण जैसे कथा सुनने का अवसर मिलना सौभाग्य की बात है। इस आयोजन से नगर वातावरण शिवमय हो गया है। कथा के चौथे दिन महाराज ने शिव पार्वती विवाह कथा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि माता पार्वती ने कठिन तपस्या कर महादेव को पति के रूप में प्राप्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



### बीईओ ने किया स्कूल का निरीक्षण

**सरायपाली।** नवागढ़ संकुल आश्रित शासकीय प्राथमिक शाला पोड़ापाली में विकासखंड शिक्षा अधिकारी टीसी पटेल, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी डीएन दीवान, विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक देवानंद नायक, वरिष्ठ प्राचार्य सीएल पुहूप, संकुल समन्वयक खिरोद्र सोनी का आगमन हुआ। स्कूल के आकर्षक बाह्य वातावरण, सुव्यवस्थित कक्षा-कक्ष, सुलभ प्रिंट रिच, विद्यार्थियों के कक्षागत दक्षता, शैक्षिक-नवाचार एवं जन समुदाय को जोड़कर शाला विकास के लिए किए जा रहे कार्यों को देखकर निरीक्षण दल ने संस्था प्रमुख पीएन दास की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कक्षा पहली एवं दूसरी के विद्यार्थियों द्वारा क्रमशः 9 और 8 का पहाड़ा अबाध गति से सुनाए जाने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी टीसी पटेल द्वारा प्रत्येक विद्यार्थी को 50-50 रुपए नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। शाला में हो रहे शैक्षिक नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए विखं शि.अ. पटेल के द्वारा संस्था प्रमुख को 1000 रुपए दान राशि प्रदान की गई। साथ ही शासकीय प्राथमिक शाला पालीडीह का औचक निरीक्षण किया। दिशानिर्देश और मार्गदर्शन दिए।

# शासकीय स्कूल के छात्रों ने देखा परीक्षा पे चर्चा का सीधा प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

शासकीय हाईस्कूल रोहिना में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित थे। इस अवसर पर व्याख्याता कमलेश साहू ने बताया कि कुछ दिन पश्चात 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा के साथ साथ लोकल परीक्षा होनी है, ऐसे समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम बहुत ही कारगर साबित हो रहा। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का स्कूल के परीक्षा परिणाम पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। परीक्षा के समय आने वाली समस्या एवं कठिनाइयों से संबंधित सवालों का जवाब प्रधानमंत्री ने जिस सरल और सहज ढंग से दिये वह छात्रों को अच्छा लगा। कार्यक्रम उपरांत विद्यार्थियों से फीडबैक भी लिया गया जिसमें खुशबू यादव ने बताया कि समय नियोजन के बारे में दिया गया। मार्गदर्शन काफी अच्छा लगा। अनिल ओगरे को मोदी का छात्रों के साथ घुलमिल कर बात करने का तरीका बहुत प्रभावित किया। संदीप सेठ, अजय राणा, सुमित यादव, कामना, जसमोती को प्रतिकूल परिस्थिति में भी अध्ययन जारी रखने एवं एआई के सदुपयोग के संबंध प्रधानमंत्री का सुझाव अच्छा लगा। विद्यालय के सांस्कृतिक सचिव दिव्या राणा ने इस कार्यक्रम को लाभदायक बताते हुए कहा कि जो बच्चे प्रधानमंत्री से सवाल कर रहे थे वे सवाल उनके मन में भी उठ रहे थे। इसलिए ध्यानपूर्वक उनका समाधान जानने की इच्छा जागृत हो रही थी। कार्यक्रम के दौरान कुछ छात्रों ने प्रधानमंत्री के समक्ष कविता सुनाई जो काफी रोचक व प्रेरक रही। जब से परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम प्रधानमंत्री ने शुरू किया, तब से परीक्षा से डर नहीं लगता। इस दौरान व्याख्याता केके साहू, शिक्षक एलके पटेल, एसके पटेल, हराधन चौधरी, कैलाश कमार, लीला पटेल, कन्हैया बरिहा आदि उपस्थित रहे।



## सांकरा में विकसित भारत जीरामजी को लेकर हुई कार्यशाला



**सांकरा।** बसना विधानसभा अंतर्गत अटल समरसता भवन सांकरा में मंडल स्तरीय विकसित भारत जीरामजी कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस अवसर पर भाजपा मंडल सांकरा संगठन के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यशाला में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सरायपाली रामलाल चौहान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने कार्यशाला को मार्गदर्शनपूर्ण बनाया। सांकरा मंडल संगठन प्रभारी दुबे लाल साहू, सहप्रभारी सुशीलकांति पटेल, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा रोहित नायक, सरपंच संघ अध्यक्ष सतपाल सिंह छाबड़ा, मंडल अध्यक्ष हलधर साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश अग्रवाल, महामंत्री द्वय मनोज बारीक व झाड़ू राम परमार आदि मौजूद रहे। कार्यशाला में विकसित भारत के संकल्प, संगठनात्मक मजबूती और जनसेवा के दायित्वों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति के मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राजकुमार परेश्वर की अगवाई में ग्राम पंचायत छोटेलोराम से 10 लोगों को भाजपा का गमछा पहना कर शामिल किया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा का जन्मदिवस भी मनाया गया।

### गौरव अलंकरण के तहत शिक्षा दूत का मिला था सम्मान

# खट्टी स्कूल में शिक्षक सिराज का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी के सहायक शिक्षक सिराज बक्श को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण के तहत शिक्षा दूत सम्मान मिलने पर शासकीय कन्या एवं प्राथमिक शाला खट्टी के समस्त शिक्षक स्टाफ, ग्राम पंचायत खट्टी के सरपंच अनिता मोती मेहरा, पंच सावित्री साहू एवं शाला के बच्चों द्वारा शिक्षक सिराज बक्श का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर सरपंच ग्राम पंचायत खट्टी अनिता मोतीलाल मेहरा ने शाल एवं श्रीफल भेंट कर शिक्षक सिराज बक्श का सम्मान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरपंच ने कहा कि शिक्षा के लिए सदैव समर्पण भाव से कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मान मिलना गर्व की बात है। हर शिक्षक अपने आप में विशिष्ट होता हैं। हमारे गांव में शिक्षा का बेहतर माहौल तैयार करने में हमारे सभी शिक्षकों का महत्वर्ण योगदान रहता है। आने वाले समय में हमारे गांव के और भी शिक्षक को यह सम्मान जरूर मिलेगा। इस अवसर पर कन्या पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक भागवत जगत भूमिल ने कहा कि लगन और लगाव से कार्य करने वाले शिक्षकों को हर स्थान पर सम्मान मिलता है। हमारे शिक्षक ग्रामीण बच्चों के भविष्य को संवारने का कार्य पूरी निष्ठा से करते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करने हुए प्राथमिक शाला खट्टी की प्रधान पाठिका लीना पांडे ने कहा कि सहायक शिक्षक सिराज बक्श को यह सम्मान मिला हमारी संस्था के लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम को पंच सावित्री साहू, शिक्षक उमाशंकर चंद्राकर, भूपेंद्र चंद्राकर, त्रिवेणी चंद्राकर, सुनीता ध्रुव, अंजुम शेख, सुचिता लकरा, संगीता धुरंधर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सुनीता ध्रुव एवं आभार प्रदर्शन अंजुम शेख ने किया।



